बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (बैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 18 अप्रैल, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण के चुनाव से संबंधित सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। प्रथम चरण में 37–औरंगाबाद, 38–गया (अ0जा0), 39–नवादा एवं 40–जमुई (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में दिनांक 19.04.2024 को मतदान सम्पन्न होगा। सभी संबंधित जिलों में मतदान दल एवं सुरक्षाबल अपने मतदान केन्द्रों पर पहुँच गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय में गठित नियंत्रण कक्ष 24X7 कार्यरत है जिसमें Hunting Line सुविधा के साथ दूरभाष अधिष्ठापित की गई है जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

S No.	Place of Installation	Telephone Number	Remarks
1	**Control Room**	**0612-2217601**	**Call Hunting/Pilot**
2		0612-2217582	**Call Hunting/Child**
3		0612-2217583	**Call Hunting/Child**
4		0612-2217584	**Call Hunting/Child**
5		0612-2217586	**Call Hunting/Child**
6		0612-2217587	**Call Hunting/Child**
7	**Control Room**	**0612-2217602**	**Call Hunting/Pilot**
8		0612-2217588	**Call Hunting/Child**
9		0612-2217589	**Call Hunting/Child**
10		0612-2217590	**Call Hunting/Child**
11		0612-2217591	**Call Hunting/Child**
12		0612-2217592	**Call Hunting/Child**
13		0612-2217597	**FAX**
14	**Media Center**	0612-2217598	**Landline/Internet**

जहाँ तक नाम निर्देशन की बात है तो आज दिनांक 18.04.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तीसरे चरण के लिए पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा, अररिया एवं खगड़िया) के लिए नामांकन का चौथा दिन था। प्राप्त सूचनानुसार आज दिनांक 18.04.2024 को उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामनिर्देशन की स्थिति निम्नवत् है:–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता
झंझारपुर	01	गंगा प्रसाद यादव	पिपूल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक)
	02	विद्यानन्द राम	वाज़िब अधिकार पार्टी
	03	गुलाब यादव	बहुजन समाज पार्टी
	04	राजीव कुमार झा	निर्दलीय
	05	सुमन कुमार	विकासशील इंसान पार्टी
	06	मदन कुमार महतो	निर्दलीय
	07	गौरी शंकर साहू	निर्दलीय
सुपौल	01	विंदेश्वरी प्रसाद	प्राउटिस्ट सर्व समाज

अररिया	01	अखिलेश कुमार	निर्दलीय
	02	मुस्ताक आलम	निर्दलीय
	03	शाहनवाज	राष्ट्रीय जनता दल
	04	मोहम्मद अय्यासूद्दीन	निर्दलीय
	05	सुनील कुमार सिंह	निर्दलीय
	06	मुकेश सिंह	राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी
	07	मो0 इसमाईल	भारतीय मोमिन फ्रंट
	08	सुधीर कुमार दास	निर्दलीय
मधेपुरा	01	डॉ0 कुमार चन्द्रदीप	राष्ट्रीय जनता दल
	02	अजबलाल मेहता	युवा क्रांतिकारी पार्टी
खगड़िया	01	चंद्रा किशोर ठाकूर	आम जनता पार्टी राष्ट्रीय
	02	कंचन माला	हिन्दुस्तान पीपल्स पार्टी (डेमोक्रेटिक)
	03	दीनानाथ चन्द्रवंशी	निर्दलीय
	04	रवि कुमार	बहुजन समाज पार्टी

ज्ञातव्य है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के चौथे चरण के लिए पाँच लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर–अ0जा0, बेगूसराय एवं मुंगेर) के लिए आज दिनांक 18.04.2024 को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन का प्रथम दिन था। प्राप्त सूचनानुसार समस्तीपुर (अ0जा0) तथा उजियारपुर से आज कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। शेष तीन लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामनिर्देशन की स्थिति निम्नवत् हैः–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता
दरभंगा	01	गोपाल जी ठाकुर	भारतीय जनता पार्टी
बेगूसराय	01	अवधेश कुमार राय	कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
	02	रजनीश कुमार मुखिया	राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी
मुंगेर	01	रविन्द्र मंडल	सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कॉम्युनिस्ट)

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) केस प्रतिवेदित है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के मामले में क्रमेण भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) एवं रोहतास जिलांतर्गत दो (02) केस प्रतिवेदित है अर्थात् कुल तीन (03) केस राज्य में प्रतिवेदित हैं तथा तदनुसार तीन (03) एफआईआर दर्ज हैं। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में छः (06) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत तीन (03) एवं सहरसा जिलांतर्गत दो (02) । इस संदर्भ में पाँच (05) एफआईआर दर्ज हैं।

दिनांक 17.04.2024 को कुल **₹2.28350**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–16762.27(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹27.45716**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹10.32000**(लाख) रूपये मूल्य के 15036.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹60.50377**(लाख) रूपये मूल्य की 68867.13 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹100.56443**(लाख) रूपये मूल्य की कुल जब्ती प्रतिवेदित है।